# कार्यालय पुलिस उपायुक्त अपराध, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-21-03-2025

**Asian Paints की Dealership दिलाने के नाम लगभग 12 लाख रूपये का साइबर फ्राड करने वाला अन्तर्राज्यीय सरगना अपने साथियों के साथ गिरफ्तार तथा उनके कब्जे से मोबाइल, लेपटाप, नकदी आदि बरामद।**

आवेदक श्री सिद्धार्थ सिंह पुत्र बृजेश सिंह निवासी सिद्धगिरीबाग, छित्तूपुर, थाना- सिगरा, जनपद-वाराणसी द्वारा थाना हाजा पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि एशियन पेन्टस लिमिटेड की डीलरशिप देने के नाम एशियन पेन्ट्स लिमिटेड का डारेक्टर के रूप में प्रार्थी के हक में कूटरचित व फर्जी एशियन पेन्ट्स लिमिटेड का फर्जी कन्फर्मेशन लेटर देकर धोखे से पर कुल 11,14,539/- रूपये का साइबर धोखाधड़ी कर लिया गया जिस पर थाना हाजा पर मु.अ.सं.-41/2024 धारा – 417,420,465,468, 471 भा.द.वि. व 66 डी आई.टी. एक्ट पर पंजीकृत कर विवेचना श्री निरीक्षक विपिन कुमार द्वारा की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी एवं श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त अपराध कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में तथा श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट वाराणसी व श्री विजय प्रताप सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के नेतृत्व मे **दो टीमों** का गठन कर उक्त घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अलग- अलग पटना, बिहार शरीफ, नालंदा आदि विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग टीम द्वारा पतारसी सुरागरसी किया गया और काफी प्रयास के बाद 03 शातिर साइबर **अपराधियों को नालंदा बिहार से गिरफ्तार किया गया** तथा उनके कब्जे से मोबाइल,लेपटाप आदि तथा **10240**/- रूपया नकद बरामद किया गया है।

### अपराध करने का तरीका-

अभियुक्तगणों से पूछताछ में अभियुक्त विश्वास कुमार द्वारा बताया गया वह कम्प्यूटर साइंस से बीटेक है, तथा मैं डिजिटल वेब क्रिएटर है, वेबसाइट व तमाम एंड्रॉयड एप्लीकेशन बनाने का हुनर आता है, कम समय में अत्यधिक पैसा कमाने के लिए वह सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर अपराधियों के संपर्क में आ गया तथा उनके साथ मिलकर योजना बनाकर मैने तमाम कंपनियों जैसे एशियन पेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, बल्क सीमेंट आदि कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर अपने पास रख लेता है जिन भी साइबर अपराधियों को फर्जी फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी करने के लिए वेबसाइट की आवश्यकता होती है वह हमसे संपर्क करते हैं और वह उनको वेबसाइट दे देता है तथा उसका कंट्रोल अपने पास रखता है, गुगल के माध्यम से

P.T.O.

वेबसाइट में ऐड लगाता है , इसके बदले साइबर अपराधियों से भारी मात्रा में पैसा लेता है, वेबसाइटों में एड लगाने के लिए अपने दोस्त सोहन के बैंक अकाउंट का प्रयोग करता है तथा पैसा प्राप्त करने हेतु ओटीपी उसकी मोबाइल पर प्राप्त होता है, तथा उसी के मोबाइल नंबर पर एड लगाने हेतु आवश्यक पैसों को लेने की ओटीपी आती है , अभिनय कुमार इस कार्य में उसका सहयोग करता है कभी-कभी अभिनय के खाते से भी पैसा लेकर ऐड लगता है, उसके अन्य कार्यों में व्यस्त रहने पर अभिनय कुमार उन वेबसाइटों की होस्टिंग संचालन आदि का कार्य करता है सब वेबसाइट पर कस्टमर की जो लीड प्राप्त होती है मैं उसे डाउनलोड कर संबंधित साइबर अपराधी को व्हाट्सएप पर भेज देता है और उससे उसके अन्य साइबर अपराधी साथी Asian Paints की एजेंसी दिलाने हेतु कॉलिंग कर लोगों को विश्वास में लेकर वेबसाइट के माध्यम के कस्टमर को पूर्व विवरण लेते है और रजिस्ट्रेशन, सिक्यूरिटी मनी, एडवांस मनी के नाम पर लाखों रूपये विभिन्न साथी साइबर अपराधियों के खातें/वालेट में जमा करवा लेते है, फिर काम के आधार पर आपस में पैसों का बटवारा कर लेते है। इसी तरह से हम लोगों ने एशियन पेन्ट की फर्जी वेबसाइट से वाराणसी जनपद के सिद्धार्थ सिंह से लगभग 12 लाख से अधिक की साइबर ठगी किया गया था। इनके तथा इनके साथियों द्वारा अल्ट्राटेक सीमेन्ट , ACC सीमेन्ट , अमूल व अन्य कम्पनियों का फ्रेन्चाइजी के नाम पर ठगी किया जाता है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. विश्वास कुमार पुत्र रामधीन प्रसाद निवासी- बाघाटीलहा अहरणवान, थाना बेलछी, पटना बिहार व वर्तमान पता- गंगानगर, बिहारशरीफ, जनपद नालन्दा, बिहार पिन- 803101 उम्र करीब 26 वर्ष,

2. अभिनय कुमार पुत्र रामधीन प्रसाद निवासी बाघाटीलहा अहरणवान, थाना बेलछी, पटना बिहार व वर्तमान पता- गंगानगर, बिहारशरीफ, जनपद नालन्दा, बिहार पिन- 803101 उम्र करीब 28 वर्ष,

3. सोहन कुमार पुत्र मनोज कुमार सिन्हा पता- मुस्तफापुर, जनपद- नवादा, बिहार पिन - 803119 वर्तमान पता- दीपनगर रोड नं0 5, गुलजारबाद, पटना, बिहार पिन 800008 उम्र करीब 26 वर्ष

## आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 - 0041/2024 धारा- 417, 420, 465, 467, 468, 471, 120 बी, 411 भा.द.सं. व 66 डी आई.टी. एक्ट थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट वाराणसी

***नोट-*** *आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।*

## बरामदगी का विवरण-

| | |
|---|---|
| 1- आई . फोन मोबाइल - | 01अदद **(कीमत लगभग 1.5 लाख)।** |
| 2- एड्राइड मोबाइल - | 02 अदद **( कीमत लगभग – 80 हजार )** |
| 3- लेपटाप /आई पैड - | 03 अदद **( कीमत लगभग – 2.2 लाख )** |
| 4- **Asian Paints की फर्जी कूट रचित कागजात -** | 04 अदद। |

5- मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित नगद धनराशि – **10240** रूपये

P.T.O.

***<u>गिरफ्तारी/ सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>***

| **साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट वाराणसी** | |
|---|---|
| **<u>पुलिस टीम -1</u>** | **<u>पुलिस टीम -2</u>** |
| • प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह | • निरीक्षक दीना नाथ यादव |
| • निरीक्षक श्री विपिन कुमार | • उ.नि. श्री सतीश सिंह |
| • उ.नि. श्री संजीव कन्नौजिया | • उ.नि. श्री शैलेन्द्र कुमार |
| • क.आ.ग्रेडबी./एस.एस.आई श्री श्याम लाल गुप्ता | • उ.नि. श्री आलोक रंजन |
| • हे. का. गोपाल चौहान | • उ.नि. श्री विवेक सिंह |
| • हे.का. रजनीकान्त | • हे.का. राजेन्द्र कुमार पाण्डेय |
| • हे.का. गौतम कुमार | • का. देवेन्द्र यादव |
| • का. चन्द्रशेखर यादव | • का. अनिल कुमार यादव |
| • का. पृथ्वी राज सिंह | • का. अवनीश सिंह |
| • का. मनीष कुमार सिंह | • का. जितेन्द्र मौर्य |
| • आ0चा0 विजय कुमार | • का. विश्वजीत राय |

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, अपराध**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**